**NEWS CLIPPING: 13.04.2018**

**PUNJAB KESARI**

# 'एलीमेंट्स कलमायका-2018' का रंगारंग आगाज

### कव्वाली व हास्य रस ने समां बांधा, विद्यार्थियों ने की जमकर मस्ती

फरीदाबाद, 12 अप्रैल (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद के वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2018' का वीरवार को रंगारंग आगाज हुआ। इस बार उत्सव का थीम 'उद्भव' के तहत मनाया जा रहा है और विद्यार्थी कागज की बजाए डिजिटल माध्यमों के उपयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। उत्सव की शुरुआत विधिवत रूप से हवन से हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा विद्यार्थी क्लबों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उत्सव का पहला दिन पूरी तरह से 'सृजन' क्लब के कला-कृतियों के नाम रहा। विश्वविद्यालय को उत्सव के रंग में रंगने में 'सृजन' क्लब की कड़ी मेहनत देखते ही बनती थी। इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से संबंध रखने के बावजूद विद्यार्थियों की कला के प्रति रचनात्मक सोच देखते ही बनती है।



*वाईएमसीए में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए छात्र-छात्राएं*

**'जूम्बा' पर विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की:** उत्सव के दौरान विवेकानंद मंच द्वारा आयोजित 'जूम्बा' इवेंट विद्यार्थियों का सबसे पंसदीदा इवेंट रहता है, जिसमें विद्यार्थियों से लेकर अध्यापक और कर्मचारी सभी खुलकर लुत्फ उठाते हैं। इनमें भी विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की और संगीत का आनंद लिया।

### शौकीन ने भी विद्यार्थियों को खूब गुदगुदाया

उत्सव में पहले दिन स्टैंड-अप कॉमेडियन डॉ. ललित शौकीन ने भी विद्यार्थियों को खूब गुदगुदाया। पेशे से वैज्ञानिक हरियाणवी लहजे में अपने हास्य रस के लिए पहचाने जाते हैं और उन्हें हरियाणवी हास्य को ग्लोबल पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।

### 'कव्वाली' ने खूब समां बांधा

उत्सव के पहले दिन तरन्नुम क्लब द्वारा प्रस्तुत कव्वाली ने भी खूब समां बांधा। इस दौरान विद्यार्थियों ने शानदार सूफी कलाम सुनाकर दिल जीत लिया। लगभग आधा घंटा चले इस कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थी की दिलचस्पी देखते ही बनती थी।

पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 13 April 2018
epaper.punjabkesari.in//c/27838599

**AMAR UJALA**



फरीदाबाद के वाईएमसीए में बृहस्पतिवार को आयोजित एलीमेंटस कलमायका कार्यक्रम में बने कटआउट पर मस्ती करती छात्राएं। अमर उजाला

# संगम समारोह में ललित शौकीन ने लोगों को खूब हंसाया

**फरीदाबाद।** कला एवं विज्ञान के संगम समारोह के आगाज के साथ ही वाईएमसीए विश्वविद्यालय में विशेष कलाकारों की धूम रही। कार्यक्रम आगाज पर आए विशेष अतिथि भी कार्यक्रम थीम का अनूठा संगम ही दशनि आए थे।

विशेष मेहमान के तौर पर वैज्ञानिक और हास्य कलाकार ललित शौकीन भी विश्वविद्यालय की वार्षिक थीम के कला और विज्ञान का संगम की झलकियां लेकर आए। हरियाणवी में ठहाके और तार्किक बातों के साथ शौकीन ने अतिथियों को आकर्षित किया। विवेकानंद मंच द्वारा आयोजित जुंबा भी किसी डीजे की धुन के साथ अध्यापकों और विद्यार्थियों को नाचने पर मजबूर कर रहा था। विभिन्न विषयों को लेकर दिवारों पर बनाई गई ग्रैफिटी पेंटिंग्स उत्सव को आकर्षण बन रही है। कलाम चौक पर जर्जर पेड़ के तने को विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के साथ जीवंत बनाया है। विश्वविद्यालय का मुख्य रिसेप्शन 'हैरी पॉटर' थीम पर सजाया गया है। विद्यार्थियों में दिलचस्पी को देखते हुए अलग-अलग जगह पर सेल्फी प्वाइंट्स भी बनाये गये हैं। उत्सव के पहले दिन 3डी मैटरिक्स, बिग बॉस, बिग फैट हंट, कोड वार, ब्लैक आउट, टैटू मेकिंग जैसे इवेंट आयोजित किये गये। जिसका विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 13.04.2018**

**NAVBHARAT TIEMS**

# एलीमेंट्स कलमायका का रंगारंग आगाज



**वस, फरीदाबाद** : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार से तीन दिवसीय 'एलीमेंट्स कलमायका-2018' आयोजित किया गया। उत्सव को थीम 'उद्भव' के तहत मनाया जा रहा है और विद्यार्थी कागज की बजाए डिजिटल माध्यमों के उपयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। उत्सव की शुरुआत हवन से हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा विद्यार्थी क्लबों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उत्सव का पहला दिन पूरी तरह से सृजन क्लब के कला-कृतियों के नाम रहा।